| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME:<br>प्रदीप कुमार पाराशर | SCHOOL NAME: के. वि. क्रमांक-2 आगरा कैंट |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: नए मेहमान |
| THEME: संस्कृति एवं परंपरा | TYPE OF TEXT: संवाद |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: दी गई जानकारी में प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी में से उपयुक्त जानकारी चुनते हैं। | |

| | |
|---|---|
| **QUESTION - 1** | निम्नलिखित संवाद को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए-<br><br>सोहन: हमारी भारतीय संस्कृति हमें संस्कार, सम्मान और सामूहिकता का पाठ पढ़ाती है।<br>सीमा: सर, लेकिन आज की पीढ़ी आधुनिकता की ओर अधिक आकर्षित हो रही है। क्या परंपराएँ अब भी उतनी ही ज़रूरी हैं?<br>मोहन: परंपराएँ हमारी पहचान हैं। यदि हम उन्हें छोड़ देंगे तो अपनी जड़ों से कट जाएँगे।<br>सोहन: सही कहा मोहन जी। संस्कृति समय के साथ बदलती है, लेकिन उसके मूल मूल्य बने रहते हैं।<br>सीमा: तो क्या हमें आधुनिकता और परंपरा दोनों को साथ लेकर चलना चाहिए?<br>मोहन: बिल्कुल। संतुलन बनाकर चलना ही समाज की प्रगति का मार्ग है।<br>सोहन: यही समझ नई पीढ़ी को हमारी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ सकती है।<br>दिनेश: नई पीढ़ी आधुनिकता के साथ विरासत को संजोकर समाज को संवेदनशील और प्रगतिशील बना सकती है।<br><br>प्रश्न- 'परिवर्तनशील संस्कृति अपने मूल को नहीं त्यागती है' यह कथन किसका है? |
| OPTION A | मोहन का |

| | |
|---|---|
| OPTION B | दिनेश का |
| OPTION C | सोहन का |
| OPTION D | सीमा का |
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: प्रदीप कुमार पाराशर | SCHOOL NAME: के. वि. क्रमांक-2 आगरा कैंट |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: नए मेहमान |
| THEME: संस्कृति एवं परंपरा | TYPE OF TEXT: संवाद |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: प्रत्यक्ष रूप से दी गई जानकारी को ढूँढ़ते हैं। | |

| | |
|---|---|
| **QUESTION - 2** | **निम्नलिखित संवाद को पढ़कर प्रश्न का उत्तर चुनें-**<br><br>राहुल: दोस्तों, क्या आपको पता है कि अगले सप्ताह असम में 'रंगाली बिहू' मनाया जाने वाला है? यह वहां के नए साल की शुरुआत होती है।<br>अंजलि: हाँ राहुल! मैंने सुना है कि बिहू के समय असम की प्रकृति बहुत सुंदर हो जाती है। वहां की महिलाएं सुनहरी 'मूगा सिल्क' की मेखला-चादर पहनकर बहुत ही सुंदर बिहू नृत्य करती हैं।<br>समीर: मुझे तो वहां के लोक संगीत और 'धोल-पेपा' (वाद्ययंत्र) की धुन बहुत पसंद है। वह संगीत सुनते ही पैर अपने आप थिरकने लगते हैं।<br>कविता: संगीत के साथ-साथ वहां का खाना भी लाजवाब होता है। मेरी असमिया दोस्त ने बताया था कि इस दिन घर-घर में चावल से बने 'पीठा' और 'लारू' (लड्डू) बांटे जाते हैं। |

| | |
|---|---|
| | राहुल: बिल्कुल सही! इस त्योहार का सबसे अच्छा हिस्सा यह है कि यह प्रकृति और खेती से जुड़ा है। लोग अपनी फसल की खुशी में एक-दूसरे के साथ प्यार और मिलकर त्योहार मनाते हैं।<br>समीर: वाह! भारत की हर संस्कृति की अपनी एक अलग ही मिठास है।<br><br>प्रश्न- संवाद में किस बात की खुशी मनाई जा रही है? |
| OPTION A | कपड़े पहनने की |
| OPTION B | मिठाई खाने की |
| OPTION C | फसल उगने की |
| OPTION D | वाद्ययंत्र बजने की |
| CORRECT OPTION | OPTION-C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: AKHILESH KUMAR YADAVA | SCHOOL - KV NO 1 INDORE |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: नए मेहमान |
| THEME: संस्कृति एवं परंपरा | TYPE OF TEXT: एकांकी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य की पंक्तियों से प्रत्यक्ष रूप से दी गयी जानकारी - समय/स्थान/घटना आदि का पता लगाते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -3 | नीचे दिए गए एकांकी के भाग को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दें -<br><br>रेवती-ऐसी गरमी में क्या काम करोगे? तुम्हें भी न जाने क्या धुन सवार हो जाती है। जाओ, सो जाओ। मैं आँगन में खाट पर इसे लेकर जैसे-तैसे रात काट लूँगी, जाओ। हे भगवान! कोई मुसीबत न आ जाए।<br>(बच्चे को पंखा करती है। बच्चा गरमी के मारे उठ बैठता है, पानी माँगता है। वह बच्चे को पानी पिलाती है, पंखा करती है। इसी समय दो व्यक्तियों के साथ विश्वनाथ प्रवेश करता है। रेवती बच्चे को लेकर आँगन में चली जाती है। आगंतुक एक साधारण बिस्तर तथा एक संदूक लेकर कमरे में प्रवेश करते हैं। विश्वनाथ भी पीछे-पीछे आता है।<br><br>प्रश्न - संदूक लेकर कमरे में कौन प्रवेश करता है? |
| OPTION A | रेवती |
| OPTION B | बच्चा |
| OPTION C | विश्वनाथ |
| OPTION D | आगंतुक |
| CORRECT OPTION | OPTION - **D** |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: AKHILESH KUMAR YADAVA | SCHOOL NAME: KV NO 1 INDORE |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: नए मेहमान |
| THEME: संस्कृति एवं परंपरा | TYPE OF TEXT: एकांकी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Understand |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |

KVS & SAS

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

SRI AUROBINDO SOCIETY
Rupantar
TRANSFORMING EDUCATION

| | |
|---|---|
| LEARNING INDICATOR: गद्य में पात्र/पात्रों के व्यक्तित्व की कारण सहित व्याख्या करते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -4 | नीचे दिए गए एकांकी के भाग को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दें -<br><br>(प्रमोद बरफ का पानी लाता है)<br>नन्हेमल-हाँ भैया, ला तो ज़रा, मैं तो डेढ़ लोटा पानी पीऊँगा।<br>बाबूलाल-उतना ही मैं।<br>(दोनों गट-गट पानी पीते हैं।)<br>किरण-(विश्वनाथ से धीरे से) फिर खाना?<br>विश्वनाथ-(इशारे से) ठहर जा ज़रा।<br>नन्हेमल-(पानी पीकर) आह! अब जान में जान आई। सचमुच गरमी में पानी ही तो जान है।<br>बाबूलाल-पानी भी खूब ठंडा है वाह भैया, खुश रहो।<br>नन्हेमल-कितने सीधे लड़के हैं।<br>बाबूलाल-शहर के हैं न!<br>प्रश्न - पानी पीकर नन्हें मल के मन में कैसा भाव आ रहा है? |
| OPTION A | आश्चर्य का भाव |
| OPTION B | संतुष्टि का भाव |
| OPTION C | गुस्से का भाव |
| OPTION D | उत्सुकता का भाव |
| CORRECT OPTION | **B** |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: AKHILESH KUMAR YADAVA | SCHOOL NAME: KV NO 1 INDORE |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: नए मेहमान |

KVS & SAS

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

SRI AUROBINDO SOCIETY
Rupantar
TRANSFORMING EDUCATION

| | |
|---|---|
| THEME: संस्कृति एवं परंपरा | TYPE OF TEXT: एकांकी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Evaluate and Reflect |
| NCF COMPETENCY:C-2.1 विभिन्न संस्कृतियों और समय अवधियों में निर्मित किए गए साहित्य के विभिन्न रूपों (गद्य, कविता, नाटक) और लेखन की शैलियों (कथात्मक, वर्णनात्मक, व्याख्यात्मक, प्रेरक) की पहचान करते हैं और उनकी सराहना करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य के प्रकार/विधा/शैली की पहचान करते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -5 | नीचे दिए गए एकांकी के भाग को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दें -<br><br>विश्वनाथ- बरफ! बरफ का पानी पीने से क्या फायदा? प्यास जैसी-की-तैसी, बल्कि दुगुनी लगती है। ओफ! लो, पंखा कर लो। बच्चे क्या ऊपर हैं?<br>रेवती-रहने दो, तुम्हीं करो। छत इतनी छोटी है कि पूरी खाटें भी तो नहीं आतीं। एक खाट पर दो-दो, तीन-तीन बच्चे सोते हैं, तब भी पूरा नहीं पड़ता।<br>विश्वनाथ-एक यह पड़ोसी हैं, निर्दयी, जो खाली छत पड़ी रहने पर भी बच्चों के लिए एक खाट नहीं<br>बिछाने देंगे।<br><br>प्रश्न - गदयांश में किस शैली का प्रयोग किया गया है ? |
| OPTION A | कथात्मक शैली |
| OPTION B | व्यंग्यात्मक शैली |
| OPTION C | वर्णनात्मक शैली |
| OPTION D | व्याख्यात्मक शैली |
| CORRECT OPTION | **B** |

| | |
|---|---|
| TEACHER’S NAME:<br>रंजना लाम्बा | SCHOOL NAME: केंद्रीय विद्यालय,  सेक्टर- 47, चंडीगढ़ |

KVS & SAS

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

SRI AUROBINDO SOCIETY
Rupantar
TRANSFORMING EDUCATION

| | |
|---|---|
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: नए मेहमान |
| THEME: संस्कृति एवं परंपरा | TYPE OF TEXT: एकांकी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI:Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य में वर्णित प्रत्यक्ष कारण की पहचान करते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -6 | निम्नलिखित कहानी के अंश को पढ़कर सही विकल्प चुनें -<br><br>विश्वनाथ – छुट्टी कोई दे तब न। छुट्टी ले भी लूँ तो खर्च चाहिए। खैर, तुम आज जाकर ऊपर सो जाओ। मैं आँगन में खाट डालकर पड़ा रहूँगा। बच्चे को ले जाओ। यह गरमी में भुन रहा है।<br>रेवती – यह नहीं हो सकता। मैं नीचे सो जाऊँगी। तुम ऊपर छत पर जाकर सो जाओ। और ऊपर भी क्या हवा है! चारों तरफ दीवारें तप रही हैं। तुम्हीं जाओ ऊपर।<br>विश्वनाथ – यही तो तुम्हारी बुरी आदत है। किसी का कहना न मानोगी, बस अपनी ही हाँके जाओगी। पंद्रह दिन से सिर में दर्द हो रहा है। मैं कहता हूँ खुली हवा में सो जाओगी तो तबीयत ठीक हो जाएगी।<br>रेवती – तुम तो व्यर्थ की जिद करते हो। भला यहाँ आँगन में तुम्हें नींद आएगी? बंद मकान, हवा का नाम नहीं। रात भर नींद न आएगी। सबेरे काम पर जाना है। जाओ, मेरा क्या है, पड़ी रहूँगी।<br><br>प्रश्न- तबियत ठीक होने के लिए क्या करने की सलाह दी गई है? |
| OPTION A | छुट्टी लेनी की |
| OPTION B | दवाई लेने की |
| OPTION C | खुली हवा में जाने की |
| OPTION D | बुरी आदतों से बचने की |

KVS&SAS

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

SRI AUROBINDO SOCIETY
Rupantar
TRANSFORMING EDUCATION

| | |
|---|---|
| CORRECT OPTION | **OPTION C** |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: रंजना लाम्बा | SCHOOL NAME: केंद्रीय विद्यालय, सेक्टर- 47, चंडीगढ़ |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: नए मेहमान |
| THEME: संस्कृति एवं परंपरा | TYPE OF TEXT: एकांकी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Understand |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य में दी गई पंक्तियों के अर्थ को समझकर अपने शब्दों में अभिव्यक्त करते हैं/प्रश्न के उत्तर देते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -7 | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनें -<br><br>विश्वनाथ – यही तो तुम्हारी बुरी आदत है। किसी का कहना न मानोगी, बस अपनी ही हाँके जाओगी। पंद्रह दिन से सिर में दर्द हो रहा है। मैं कहता हूँ खुली हवा में सो जाओगी तो तबीयत ठीक हो जाएगी।<br>रेवती – तुम तो व्यर्थ की जिद करते हो। भला यहाँ आँगन में तुम्हें नींद आएगी? बंद मकान, हवा का नाम नहीं। रात भर नींद न आएगी। सबेरे काम पर जाना है। जाओ, मेरा क्या है, पड़ी रहूँगी।<br>विश्वनाथ – नहीं, यह नहीं हो सकता। आज तो तुम्हें ऊपर सोना पड़ेगा। वैसे भी मुझे कुछ काम करना है।<br>रेवती – ऐसी गरमी में क्या काम करोगे? तुम्हें भी न जाने क्या धुन सवार हो जाती है। जाओ, सो जाओ। मैं आँगन में खाट पर इसे लेकर जैसे-तैसे रात काट लूँगी, जाओ ।<br>विश्वनाथ – अच्छा तुम जानो। मैं तो तुम्हारी भलाई के लिए कह रहा था। मैं ही ऊपर जाता हूँ।<br><br>प्रश्न - रेवती का 'जैसे-तैसे रात काट लूँगी' कहने के पीछे कौनसा भाव छीपा है? |
| OPTION A | दुःख |

KVS & SAS

| | |
|---|---|
| OPTION B | जिद |
| OPTION C | गुस्सा |
| OPTION D | त्याग |
| CORRECT OPTION | OPTION D |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: PANKAJ TIWARI | SCHOOL NAME: PM SHRI K.V.KASHIPUR |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: मत बाँधो |
| THEME: व्यक्तित्व संवर्धन | TYPE OF TEXT: कविता |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Understand |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: पद्य में दी गई पंक्तियों के अर्थ को समझकर अपने शब्दों में अभिव्यक्त करते हैं/प्रश्न के उत्तर देते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -8 | नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दें -<br><br>स्वर्ग बनाने का फिर कोई शिल्प भूमि को सिखलायेगा !<br><u>नभ तक जाने से मत रोको</u> धरती से इसको मत बाँधो !<br>इन सपनों के पंख न काटो इन सपनों की गति मत बाँधो !<br><br>प्रश्न - रेखांकित पंक्ति के आधार पर उचित कथन का चयन करें- |
| OPTION A | स्वच्छंद सोच की बात की गई है। |

KVS & SAS

| | |
|---|---|
| OPTION B | उन्नति के विषय में बात की गई है। |
| OPTION C | बंधनमुक्त रहने की बात की गई है। |
| OPTION D | आकाश में विचरण की बात की गई है। |
| CORRECT OPTION | OPTION A |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: नरेन्द्र कुमार | SCHOOL NAME: केन्द्रीय विद्यालय 1 एस टी सी जबलपुर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य में वर्णित प्रत्यक्ष रूप से आए पात्र/पात्रों की पहचान करते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -9 | नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए–<br><br>किसी श्रीमान् ज़मींदार के महल के पास एक गरीब, अनाथ वृद्धा की झोंपड़ी थी। ज़मींदार साहब को अपने महल का अहाता उस झोंपड़ी तक बढ़ाने की इच्छा हुई। वृद्धा से बहुतेरा कहा कि अपनी झोंपड़ी हटा ले, पर वह तो कई ज़माने से वहीं बसी थी। उसका प्रिय पति और इकलौता पुत्र भी उसी झोंपड़ी में मर गया था। पतोहू भी एक पाँच बरस की कन्या को छोड़कर चल बसी थी। अब यही उसकी पोती इस वृद्धावस्था में एकमात्र आधार थी। जब उसे अपनी पूर्वस्थिति की याद आ जाती तो मारे दुख के फूट-फूट कर रोने लगती थी और जब से उसने अपने श्रीमान् पड़ोसी की इच्छा का हाल सुना, तब से वह मृतप्राय हो गई थी। उस झोंपड़ी में उसका ऐसा कुछ मन लग गया था कि बिना मरे वहाँ से वह निकलना ही नहीं चाहती थी। श्रीमान् के सब प्रयत्न निष्फल हुए, तब वे अपनी |

| | |
|---|---|
| | ज़मींदारी चाल चलने लगे। बाल की खाल निकालने वाले वकीलों की थैली गरम कर उन्होंने अदालत से उस झोंपड़ी पर अपना कब्ज़ा कर लिया और वृद्धा को वहाँ से निकाल दिया। बिचारी अनाथ तो थी ही, पास-पड़ोस में कहीं जाकर रहने लगी।<br><br>प्रश्न- वर्तमान में वृद्धा का एकमात्र सहारा कौन था? |
| OPTION A | उसका पुत्र |
| OPTION B | उसका पति |
| OPTION C | उसकी पोती |
| OPTION D | उसकी पतोहू |
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: नरेन्द्र कुमार | SCHOOL NAME:केन्द्रीय विद्यालय 1 एस टी सी जबलपुर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME:  एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT:  कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य से प्रत्यक्ष परन्तु विभिन्न भागों में मौजूद जानकारियों को जोड़ते हुए ढूँढ़ते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -10 | **नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए :**<br><br>किसी श्रीमान् ज़मींदार के महल के पास एक गरीब, अनाथ वृद्धा की झोंपड़ी थी। ज़मींदार साहब को अपने महल का अहाता उस झोंपड़ी तक बढ़ाने की इच्छा हुई। वृद्धा से बहुतेरा कहा कि अपनी झोंपड़ी हटा ले, पर वह तो कई ज़माने से वहीं बसी थी। उसका प्रिय पति और इकलौता पुत्र भी उसी झोंपड़ी में मर गया था। पतोहू भी एक पाँच बरस की कन्या को छोड़कर चल बसी थी। अब यही उसकी पोती इस वृद्धावस्था में एकमात्र आधार थी। जब उसे अपनी पूर्वस्थिति की याद आ जाती तो मारे दुख के फूट-फूट कर रोने लगती थी और जब से उसने अपने श्रीमान् पड़ोसी की इच्छा का हाल सुना, तब से वह मृतप्राय हो गई थी। उस झोंपड़ी में उसका ऐसा कुछ मन लग गया था कि बिना मरे वहाँ से वह निकलना ही नहीं चाहती थी।<br><br>प्रश्न- गद्यांश के आधार पर सही कथन का चुनाव करें - |
| OPTION A | वृद्धा के जीवन का एकमात्र आधार इकलौता पुत्र था। |
| OPTION B | वृदधा अपनी इच्छा पड़ोसियों को बताती थी। |
| OPTION C | वृदधा अपनी झोपड़ी का अहाता बढ़ाना चाहती थी। |
| OPTION D | वृद्धा को अपनी झोपड़ी से बहुत ही लगाव था। |
| CORRECT OPTION | OPTION D |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: नरेन्द्र कुमार | SCHOOL NAME: केन्द्रीय विद्यालय 1 एस टी सी जबलपुर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Understand |

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

SRI AUROBINDO SOCIETY
Rupantar
TRANSFORMING EDUCATION

| | |
|---|---|
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। |
| LEARNING INDICATOR: गद्य में दी गई पंक्तियों के अर्थ को समझकर अपने शब्दों में अभिव्यक्त करते हैं/प्रश्न के उत्तर देते हैं। |

| | |
|---|---|
| QUESTION -11 | नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए :<br><br>किसी श्रीमान् ज़मींदार के महल के पास एक गरीब, अनाथ वृद्धा की झोंपड़ी थी। ज़मींदार साहब को अपने महल का अहाता उस झोंपड़ी तक बढ़ाने की इच्छा हुई। वृद्धा से बहुतेरा कहा कि अपनी झोंपड़ी हटा ले, पर वह तो कई ज़माने से वहीं बसी थी। उसका प्रिय पति और इकलौता पुत्र भी उसी झोंपड़ी में मर गया था। पतोहू भी एक पाँच बरस की कन्या को छोड़कर चल बसी थी। अब यही उसकी पोती इस वृद्धावस्था में एकमात्र आधार थी। जब उसे अपनी पूर्वस्थिति की याद आ जाती तो मारे दुख के फूट-फूट कर रोने लगती थी और जब से उसने अपने श्रीमान् पड़ोसी की इच्छा का हाल सुना, तब से वह मृतप्राय हो गई थी। उस झोंपड़ी में उसका ऐसा कुछ मन लग गया था कि बिना मरे वहाँ से वह निकलना ही नहीं चाहती थी। श्रीमान् के सब प्रयत्न निष्फल हुए, तब वे अपनी ज़मींदारी चाल चलने लगे। बाल की खाल निकालने वाले वकीलों की थैली गरम कर उन्होंने अदालत से उस झोंपड़ी पर अपना कब्ज़ा कर लिया और वृद्धा को वहाँ से निकाल दिया। बिचारी अनाथ तो थी ही, पास-पड़ोस में कहीं जाकर रहने लगी।<br><br>प्रश्न- वृद्धा अपनी झोंपड़ी छोड़ना क्यों नहीं चाहती थी? |
| OPTION A | उसके मन में लालच आ गया था। |
| OPTION B | उसे कहीं और जगह नहीं मिल रही थी। |
| OPTION C | उसके पास नई जगह के लिए पैसे नहीं थे। |
| OPTION D | झोंपड़ी से उसकी भावनात्मक स्मृतियाँ जुड़ी थी। |
| CORRECT OPTION | OPTION D |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: नरेंद्र कुमार | SCHOOL NAME: पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय 1 एस.टी.सी जबलपुर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: तरुण के स्वप्न |

| | |
|---|---|
| THEME: हमारा देश | TYPE OF TEXT: उद्बोधन |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य से प्रत्यक्ष परन्तु विभिन्न भागों में मौजूद जानकारियों को जोड़ते हुए ढूँढ़ते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -12 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर चुनें–<br><br>प्रिय देशवासियों,<br>तरुण अपने उद्बोधन में कहता है कि हमारा देश युवाओं की शक्ति से आगे बढ़ सकता है। वह युवाओं से ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन अपनाने तरुण देश के युवाओं को संबोधित करते हुए कहता है कि हमारा देश तभी प्रगति कर सकता है जब उसके नागरिक ईमानदार, परिश्रमी और देशभक्त हों। वह युवाओं से आह्वान करता है कि वे केवल अपने स्वार्थ के बारे में न सोचें, बल्कि समाज और राष्ट्र के हित को सर्वोपरि रखें। तरुण का स्वप्न है कि भारत एक ऐसा देश बने जहाँ सभी लोग समानता, भाईचारे और शांति के साथ रहें। आग्रह करता है। तरुण सभी नागरिकों से जाति-धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने को कहता है। उसका स्वप्न है कि भारत ऐसा देश बने जहाँ शांति, समानता और भाईचारे का वातावरण हो।<br><br>प्रश्न- तरुण के स्वप्न का भारत कैसा होना चाहिए? |
| OPTION A | जहाँ युवा विचारों का शासन हो |
| OPTION B | जहाँ तकनीकी विकास सर्वोपरि हो |
| OPTION C | जहाँ कोई निर्धन और लाचार न हो |
| OPTION D | जहाँ शांति और समानता का वातावरण हो |
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: नरेंद्र कुमार | SCHOOL NAME: पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय 1 एस.टी.सी जबलपुर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: तरुण के स्वप्न |
| THEME: हमारा देश | TYPE OF TEXT: उद्बोधन |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Evaluate and Reflect |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य के भावार्थ के आधार पर निष्कर्षणात्मक टिप्पणी देते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -13 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर चुनें–<br><br>स्वप्न तो अनेकों ने देखा। हमारे नेता स्वर्गीय देशबंधु चित्तरंजन दास ने भी एक स्वप्न देखा था। वही स्वप्न उनकी शक्ति का उत्स बना और उनके आनंद का निर्झर रहा। उनके स्वप्न के उत्तराधिकारी आज हम हैं। इसलिए हमारा भी अपना एक स्वप्न है, इसी स्वप्न की प्रेरणा से हम उठते हैं, बैठते हैं, चलते हैं, फिरते हैं और लिखते हैं, भाषण देते हैं, काम-काज करते हैं। वह स्वप्न या आदर्श क्या है? हम चाहते हैं, एक नया सर्वांगीण स्वाधीन संपन्न समाज और उस पर एक स्वाधीन राष्ट्र।<br><br>प्रश्न- गद्यांश का मुख्य उद्देश्य क्या है? |
| OPTION A | ऐतिहासिक विवरण देना |
| OPTION B | नेताओं की प्रशंसा करना |
| OPTION C | लोगों को उत्साहित करना |
| OPTION D | उपलब्धियों का वर्णन करना |

| | |
|---|---|
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: लाल सिंह चारण | SCHOOL NAME: केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 नाल बीकानेर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य की पंक्तियों से प्रत्यक्ष रूप से दी गयी जानकारी - समय/स्थान/घटना आदि का पता लगाते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -14 | निम्नलिखित गध्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनें-<br><br>"जब से यह झोंपड़ी छूटी है,तब से मेरी पोती ने खाना-पीना छोड़ दिया है। मैंने बहुत समझाया,पर वह एक नहीं मानती। यही कहा करती है कि अपने घर चल,वहीं रोटी खाऊँगी। अब मैंने यह सोचा कि इस झोंपड़ी में से एक टोकरी भर मिट्टी लेकर उसी का चूल्हा बनाकर रोटी पकाऊँगी। इससे भरोसा है कि वह रोटी खाने लगेगी। महाराज कृपा करके आज्ञा दीजिए तो इस टोकरी में मिट्टी ले जाऊँ।"<br><br>प्रश्न - वृद्धा की पोती किस चीज़ के लिए ज़िद्द कर रही थी ? |
| OPTION A | टोकरी के लिए |
| OPTION B | घर के लिए |
| OPTION C | मिट्टी के लिए |

| | |
|---|---|
| OPTION D | रोटी के लिए |
| CORRECT OPTION | B |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: लाल सिंह चारण | SCHOOL NAME: केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 नाल बीकानेर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Understand |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य में निहित अर्थ को समझकर उसको अपने शब्दों में अभिव्यक्त करते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -15 | निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर सही विकल्प का चयन करें |
| OPTION A | डरपोक |

| | |
|---|---|
| | श्रीमान के सब प्रयत्न निष्फल हुए, तब वे अपनी ज़मींदारी चाल चलने लगे। बाल की खाल निकालने वाले वकीलों की थैली गरम कर उन्होंने अदालत से उस झोंपड़ी पर अपना क़ब्ज़ा कर लिया और वृद्धा को वहाँ से निकाल दिया। बेचारी अनाथ तो थी ही , पास-पड़ोस में कहीं जाकर रहने लगी।<br><br>प्रश्न -कहानी के अंश से ज़मींदार के किस व्यक्तित्व का पता चलता है? |
| OPTION B | निराश |
| OPTION C | चालाक |
| OPTION D | लालची |
| CORRECT OPTION | C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: लालसिंह चारण | SCHOOL NAME: पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक. 3,नाल बीकानेर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: तरुण के स्वप्न |
| THEME: हमारा देश | TYPE OF TEXT: उद्बोधन |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य में प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी में से उपयुक्त जानकारी चुनते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -16 | निम्नलिखित गद्यांश से संबंधित सही विकल्प को चुनें–<br><br>उस समाज में जातिभेद का स्थान नहीं हो, उस समाज में नारी मुक्त होकर समाज एवं राष्ट्र के पुरुषों की तरह समान अधिकार का उपभोग करे और समाज तथा राष्ट्र की सेवा में समान रूप से हिस्सा ले, उस समाज में अर्थ की विषमता न हो, उस समाज में प्रत्येक व्यक्ति शिक्षा और उन्नति का समान सुअवसर पाए। |

KVS & SAS

| | |
|---|---|
| | जिस समाज में श्रम और कर्म की पूरी मर्यादा होगी और आलसी तथा अकर्मण्य के लिए कोई स्थान नहीं रहेगा, वह राष्ट्र किसी भी विजातीय प्रभाव से हर प्रकार से मुक्त रहेगा। जो राष्ट्र हमारे स्वदेशी समाज के यंत्र के रूप में काम करेगा, सर्वोपरि वह समाज और राष्ट्र भारतवासियों का अभाव मिटाएगा या भारतवासी के आदर्श को सार्थक बनाकर ही स्थिर नहीं होगा, बल्कि विश्व-मानव के समक्ष आदर्श-समाज और आदर्श-राष्ट्र के रूप में गण्य होगा। |
| OPTION A | समाज में अकर्मण्य लोगों को भी समान अधिकार प्राप्त होगा। |
| OPTION B | समाज में नारी को पुरुषों से अधिक अधिकार प्राप्त होंगे। |
| OPTION C | आदर्श राष्ट्र केवल भारतवासियों तक ही सीमित रहेगा। |
| OPTION D | राष्ट्र किसी भी विजातीय प्रभाव से मुक्त रहेगा। |
| CORRECT OPTION | OPTION D |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: लालसिंह चारण | SCHOOL NAME: पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक. 3,नाल बीकानेर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: तरुण के स्वप्न |
| THEME: हमारा देश | TYPE OF TEXT: उद्बोधन |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Evaluate and Reflect |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य लिखने के उद्देश्य का विश्लेषण करते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -17 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर चुनें– |

KVS & SAS

| | |
|---|---|
| | मैं ऐसे समाज और ऐसे राष्ट्र का ही स्वप्न देखता रहा हूँ। यह स्वप्न मेरे समक्ष नित्य एवं अखंड सत्य है। इस सत्य की प्रतिष्ठा के लिए सबकुछ किया जा सकता है, हर प्रकार का त्याग किया जा सकता है, हर संकट को सहा जा सकता है और इस स्वप्न को सार्थक बनाने के दौरान प्राण देना भी है तो 'वह मरणे है स्वर्ग समान'। हे मेरे तरुण भाइयो। तुम्हें देने लायक मेरे पास कुछ भी नहीं है, है सिर्फ यही स्वप्न जो हमें असीम शक्ति और अपार आनंद देता है, जो मेरे क्षुद्र जीवन को भी सार्थक बनाता है। यह स्वप्न में तुम्हें उपहारस्वरूप देता हूँ- स्वीकार करो।<br><br>प्रश्न- गद्यांश लेखन का मुख्य उद्देश्य क्या है? |
| OPTION A | इतिहास की घटनाओं का वर्णन करना |
| OPTION B | समाज की बुराइयों की आलोचना करना |
| OPTION C | युवाओं को राष्ट्र-निर्माण के स्वप्न से जोड़ना |
| OPTION D | अपने जीवन की कठिनाइयों का वर्णन करना |
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: रेणु शर्मा | SCHOOL NAME: केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अखनूर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य से प्रत्यक्ष परन्तु विभिन्न भागों में मौजूद जानकारियों को जोड़ते हुए ढूँढ़ते हैं। | |

KVS & SAS

| | |
|---|---|
| QUESTION -18 | नीचे दिए गए गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्न के सही विकल्प को चुनिए :<br><br>एक गाँव में सोहन नाम का एक किसान रहता था। उसके पास बहुत बड़ा खेत था इसलिए वह सुबह जल्दी उठकर अपने खेत पर काम करने निकल जाता था। जहाँ बाकी लोग शहर से खाद लाकर भी फसल बहुत अच्छी नहीं कर पाते थे वही वह खेती के नए तरीकों के प्रयोग से फसल अच्छी कर पाता था। वह स्वयं को किसान के रूप में बहुत ही भाग्यशाली मानता था क्योंकि वह बचे हुए अनाज को गरीबों में बाँट सकता था। एक बार बारिश बहुत कम हुई, जिससे गाँव के बाकी लोग परेशान होकर शहर जाने लगे। सोहन ने हिम्मत नहीं हारी और अपनी पुरानी सूझ-बूझ से कुआँ गहरा करने का काम शुरू किया। वह अकेले ही दिन-भर खुदाई करता रहा। कुछ दिनों बाद कुएं में मीठा पानी निकल आया। उसने न केवल अपने खेत को सींचा, बल्कि दूसरों की भी मदद की।<br><br>प्रश्न - सोहन के खेत की फसल अच्छी क्यों होती थी? |
| OPTION A | खेत के बड़े होने के कारण |
| OPTION B | खेती का ज्ञान होने के कारण |
| OPTION C | खेत में कुआँ होने के कारण |
| OPTION D | खेती में खाद के प्रयोग के कारण |
| CORRECT OPTION | OPTION B |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: रेणु शर्मा | SCHOOL NAME: केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अखनूर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Understand |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

SRI AUROBINDO SOCIETY Rupantar TRANSFORMING EDUCATION

| LEARNING INDICATOR: दी गई कहानी को समझकर प्रश्न का उत्तर देते हैं। |
|---|

| | |
|---|---|
| QUESTION -19 | नीचे दी गई कहानी को पढकर दिए गए प्रश्न के सही विकल्प को चुनिए :<br><br>एक गाँव में सोहन नाम का एक किसान रहता था। उसके पास बहुत बड़ा खेत था इसलिए वह सुबह जल्दी उठकर अपने खेत पर काम करने निकल जाता था। जहाँ बाकी लोग शहर से खाद लाकर भी फसल बहुत अच्छी नहीं कर पाते थे वही वह खेती के नए तरीकों के प्रयोग से फसल अच्छी कर पाता था। वह स्वयं को किसान के रूप में बहुत ही भाग्यशाली मानता था क्योंकि वह बचे हुए अनाज को गरीबों में बाँट सकता था। एक बार बारिश बहुत कम हुई, जिससे गाँव के बाकी लोग परेशान होकर शहर जाने लगे। सोहन ने हिम्मत नहीं हारी और अपनी पुरानी सूझ-बूझ से कुआँ गहरा करने का काम शुरू किया। वह अकेले ही दिन-भर खुदाई करता रहा। कुछ दिनों बाद कुएं में मीठा पानी निकल आया। उसने न केवल अपने खेत को सींचा, बल्कि दूसरों की भी मदद की।<br><br>प्रश्न - किसान का स्वयं को भाग्यशाली समझने के पीछे का कारण उनका कौन-सा गुण प्रदर्शित कर रहा है? |
| OPTION A | सहयोगी |
| OPTION B | आशावादी |
| OPTION C | परिश्रमी |
| OPTION D | ताकतवर |
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: रेणु शर्मा | SCHOOL NAME: केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अखनूर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Understand |

| |
|---|
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। |
| LEARNING INDICATOR: दी गई कहानी को समझकर प्रश्न का उत्तर देते हैं। |

| | |
|---|---|
| QUESTION -20 | क. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्न के सही विकल्प को चुनिए :<br><br>एक गाँव में एक किसान रहता था। वह बहुत परिश्रमी था, परंतु अत्यधिक धनवान नहीं था। उसके खेत की मिट्टी उपजाऊ थी, फिर भी वह संतोष में जीवन व्यतीत करता था। एक दिन उसके पड़ोसी ने शहर जाकर अधिक धन कमाने की बात कही। किसान ने मुस्कुराकर कहा कि उसके लिए उसकी भूमि की मिट्टी ही उसका सबसे बड़ा धन है। वह प्रतिदिन अपने खेत में मेहनत करता और प्रकृति का सम्मान करता था। उसका विश्वास था कि ईमानदारी ,श्रम और संतोष से ही सच्चा सुख मिलता है। समय बीतने के साथ उसका खेत हरा–भरा हो गया।<br><br>प्रश्न. गद्यांश के आधार पर उचित कथन चुनें- |
| OPTION A | गाँव का जीवन शहर से श्रेष्ठ होता है। |
| OPTION B | धन ही जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। |
| OPTION C | कठिन परिश्रम से जीवन सुखी बनता है। |
| OPTION D | परिश्रम रहित जीवन संतोषयुक्त होता है। |
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: रेणु शर्मा | SCHOOL NAME:केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अखनूर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

SRI AUROBINDO SOCIETY
Rupantar
TRANSFORMING EDUCATION

| | |
|---|---|
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Evaluate and Reflect |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य के भावार्थ के आधार पर निष्कर्षणात्मक टिप्पणी देते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -21 | नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्न के सही विकल्प को चुनिए :<br><br>एक गाँव में सोहन नाम का एक किसान रहता था। उसके पास बहुत बड़ा खेत था इसलिए वह सुबह जल्दी उठकर अपने खेत पर काम करने निकल जाता था। जहाँ बाकी लोग शहर से खाद लाकर भी फसल बहुत अच्छी नहीं कर पाते थे वही वह खेती के नए तरीकों के प्रयोग से फसल अच्छी कर पाता था। वह स्वयं को किसान के रूप में बहुत ही भाग्यशाली मानता था क्योंकि वह बचे हुए अनाज को गरीबों में बाँट सकता था। एक बार बारिश बहुत कम हुई, जिससे गाँव के बाकी लोग परेशान होकर शहर जाने लगे। सोहन ने हिम्मत नहीं हारी और अपनी पुरानी सूझ-बूझ से कुआँ गहरा करने का काम शुरू किया। वह अकेले ही दिन-भर खुदाई करता रहा। कुछ दिनों बाद कुएं में मीठा पानी निकल आया। उसने न केवल अपने खेत को सींचा, बल्कि दूसरों की भी मदद की।<br><br>प्रश्न- कुएँ को गहरा करने का निर्णय किसान के किस व्यक्तित्व को उजागर करता है ? |
| OPTION A | दूरदर्शी |
| OPTION B | सहयोगी |
| OPTION C | महत्वाकांक्षी |
| OPTION D | परिश्रमी |
| CORRECT OPTION | OPTION A |

KVS & SAS

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: रेणु शर्मा | SCHOOL NAME: केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अखनूर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: तरुण के स्वप्न |
| THEME: हमारा देश | TYPE OF TEXT: नारा |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: locate information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: प्रत्यक्ष रूप से दी गई जानकारी को ढूँढ़ते हैं \| | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -22 | नीचे दिए गए गद्यांश को पढकर उस पर आधारित प्रश्न के सही विकल्प को चुनिए:<br><br>तरुण एक साधारण परिवार का विद्यार्थी था, लेकिन उसके सपने असाधारण थे। वह अपने देश को स्वच्छ, शिक्षित और आत्मनिर्भर देखना चाहता था। उसे लगता था कि यदि हर नागरिक ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाए, तो देश अवश्य प्रगति करेगा। तरुण रोज़ अख़बार पढ़ता और देश की समस्याओं पर विचार करता। उसका मानना था कि समाज में अलगाव की भावना विकास में बाधा बनती है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धा आपसी तनाव और असहयोग को जन्म देती है। तरुण का सपना था कि वह बड़ा होकर ऐसा कार्य करे जिससे देश का नाम ऊँचा हो और समाज में समानता और सहयोग की भावना विकसित हो। देश के विकास के लिए तरुण ने कई नारे लिखे। उसका मानना था कि नारे लोगों को जागरूक करते हैं और उन्हें सही दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करते हैं \| उसने लिखा -<br><br>"स्वच्छ भारत , सशक्त भारत"\|<br>"पढ़ेगा भारत ,बढ़ेगा भारत"\|<br>"युवा शक्ति ,राष्ट्र शक्ति"\|<br>"मेरा कर्तव्य ,मेरा देश"\|<br><br>तरुण चाहता था कि हर नागरिक इन नारों के अर्थ को समझे और अपने व्यवहार में अपनाए। उसके अनुसार, यदि लोग इन नारों को केवल शब्द न मानकर कर्म का आधार बनाएँ, तो देश अवश्य आगे बढ़ेगा। |

| | |
|---|---|
| | प्रश्न . समाज में 'असहयोग' और 'तनाव' का मुख्य कारण क्या है? |
| OPTION A | तरुण के सपनों का असाधारण होना |
| OPTION B | अत्यधिक होड़ की मानसिकता का होना |
| OPTION C | देश की विभिन्न आर्थिक समस्याओं का होना |
| OPTION D | समाज में व्याप्त अलगाव की भावना का होना |
| CORRECT OPTION | OPTION B |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: रेणु शर्मा | SCHOOL NAME: केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अखनूर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: तरुण के स्वप्न |
| THEME: हमारा देश | TYPE OF TEXT: नारा |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: understand |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: जानकारी निहित अर्थ को समझकर उसको अपने शब्दों में अभिव्यक्त करते हैं \| | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -23 | नीचे दिए गए गद्यांश को पढकर उस पर आधारित प्रश्न के सही विकल्प को चुनिए: |

| | |
|---|---|
| | देश के विकास के लिए तरुण ने कई आकर्षक नारे लिखे\| उसका मानना था कि नारे लोगों को जागरूक करते हैं और उन्हें सही दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करते हैं \| उसने लिखा -<br>“स्वच्छ भारत , सशक्त भारत”\|<br>“पढ़ेगा भारत ,बढ़ेगा भारत”\|<br>“युवा शक्ति ,राष्ट्र शक्ति”\|<br><br>तरुण चाहता था कि हर नागरिक इन नारों के अर्थ को समझे और अपने व्यवहार में अपनाए \| उसके अनुसार ,यदि लोग इन नारों को केवल शब्द न मानकर कर्म का आधार बनाएँ ,तो देश अवश्य आगे बढ़ेगा \|<br><br>प्रश्न. तरुण के अनुसार नारों के सफलता की सबसे बड़ी कसौटी क्या है? |
| OPTION A | उनकी आकर्षक बनावट |
| OPTION B | उनका व्यापक प्रचार-प्रसार |
| OPTION C | उनसे सकारात्मक परिवर्तन |
| OPTION D | उनको याद रखने की क्षमता |
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER’S NAME: नीता कुशवाहा | SCHOOL NAME: पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1,वायु सेना स्थल चकेरी कानपुर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: आदमी का अनुपात |
| THEME: नैतिक मूल्य/शांति और सहिष्णुता | TYPE OF TEXT: कविता |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Evaluate and Reflect |

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

SRI AUROBINDO SOCIETY
Rupantar
TRANSFORMING EDUCATION

| | |
|---|---|
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: कविता में दी गई जानकारी के आधार पर निष्कर्ष निकालते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -24 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चुनाव करें।<br><br>शांति से मन का बोझ घटे,<br>क्रोध से रिश्तों में दरार पड़े।<br>सहिष्णुता का पथ जो अपनाए<br>वही जीवन का अर्थ समझ पाए।<br>भिन्न मतों को जो सम्मान दे,<br>वह समाज को नई दिशा दे।<br>क्षमा, धैर्य जब संग चलते,<br>तब जीवन में सुख-शांति पलते।<br><br>प्रश्न: कौन सी परिस्थिति कविता के भावों पर आधारित है? |
| OPTION A | अमित हर कार्य को शीघ्र पूरा करने का प्रयास करता है। |
| OPTION B | अमित सामाजिक नियमों का पालन करने पर जोर देता है। |
| OPTION C | अमित समूह चर्चा में सबके विचार ध्यान से सुनकर सम्मान देता है। |
| OPTION D | अमित खेल के दौरान साथी की गलती पर क्रोध पर प्रतिक्रिया देता है। |
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER’S NAME: नीता कुशवाहा | SCHOOL NAME: पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1,वायु सेना स्थल चकेरी कानपुर |

KVS & SAS

| | |
|---|---|
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: आदमी का अनुपात |
| THEME: नैतिक मूल्य/शांति और सहिष्णुता | TYPE OF TEXT: कविता |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Evaluate and Reflect |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: जानकारी के प्रत्यक्ष विवरण को समझकर केन्द्रीय विषय की पहचान करते हैं \| | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -25 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चुनाव करें।<br><br>सहिष्णुता मन की शांति है,<br>क्रोध और वैर की यही गाड़ी है।<br>भिन्न मतों को जो स्वीकार करे,<br>वही समाज का आदर्श बनाए।<br>धैर्य से कठिनाई कटती जाए,<br>क्षमा से हर मन जुड़ जाए।<br>संवाद से रिश्ते मजबूत बनें,<br>सहानुभूति से दूरी कम हो जाए।<br>जो सुनना और समझना सीखें,<br>वही सच्चे मित्र कहलाएं।<br>सह-अस्तित्व का भाव जग में लाएं,<br>तब जीवन सुख और शांति पाए।<br><br>प्रश्न. काव्य पंक्तियों का क्या उद्देश्य है ? |
| OPTION A | मनुष्य को सामाजिक नियमों का पालन करना सिखाना |

| | |
|---|---|
| OPTION B | जीवन में भावनात्मक संतुलन का महत्व बताना |
| OPTION C | समाज में नैतिक मूल्यों की परिभाषा देना |
| OPTION D | व्यक्तिगत सफलता के उपाय प्रस्तुत करना |
| CORRECT OPTION | OPTION B |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: नीता कुशवाहा | SCHOOL NAME: पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1,वायु सेना स्थल चकेरी कानपुर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य में वर्णित कहानी के उचित क्रम को चुनते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -26 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चुनाव करें\|<br><br>श्रीमान् ज़मींदार के महल के पास एक गरीब, अनाथ वृद्धा की झोंपड़ी थी। ज़मींदार साहब को अपने महल का अहाता उस झोंपड़ी तक बढ़ाने की इच्छा हुई। वृद्धा से बहुतेरा कहा कि अपनी झोंपड़ी हटा ले, पर वह तो कई ज़माने से वहीं बसी थी। उसका प्रिय पति और इकलौता पुत्र भी उसी झोंपड़ी में मर गया था। पतोहू भी एक पाँच बरस की कन्या को छोड़कर चल बसी थी। अब यही उसकी पोती इस वृद्धावस्था में एकमात्र आधार थी। जब उसे अपनी पूर्वस्थिति की याद आ जाती तो मारे दुख के फूट-फूट कर रोने लगती थी और जबसे उसने अपने श्रीमान् पड़ोसी की इच्छा का हाल सुना, तब से वह मृतप्राय हो गई थी। उस झोंपड़ी में उसका ऐसा कुछ मन लग गया था कि बिना मरे वहाँ से वह निकलना ही नहीं चाहती थी। श्रीमान् के सब प्रयत्न निष्फल हुए, तब वे अपनी ज़मींदारी |

| | |
|---|---|
| | चाल चलने लगे। बाल की खाल निकालने वाले वकीलों की थैली गरम कर उन्होंने अदालत से उस झोंपड़ी पर अपना कब्जा कर लिया और वृद्धा को वहाँ से निकाल दिया। बिचारी अनाथ तो थी ही, पास-पड़ोस में कहीं जाकर रहने लगी।<br><br>प्रश्न: गद्यांश के आधार पर कहानी का सही क्रम होगा -<br>1. वृद्धा पड़ोस में रहने पर विवश थी।<br>2. वृद्धा की झोपडी जमींदार के अहाते में थी।<br>3. वृद्धा के पति और पुत्र की मृत्यु हो गयी थी।<br>4. वृद्धा अपनी झोपडी से गहरा लगाव रखती थी। |
| OPTION A | 1,4,3,2 |
| OPTION B | 2,4,3,1 |
| OPTION C | 2,3,4,1 |
| OPTION D | 1,3,4,2 |
| CORRECT OPTION | OPTION B |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: नीता कुशवाहा | SCHOOL NAME: पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1,वायु सेना स्थल चकेरी कानपुर |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Understand |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |

| | |
|---|---|
| LEARNING INDICATOR: गद्य में दी गई पंक्तियों के अर्थ को समझकर अपने शब्दों में अभिव्यक्त करते हैं/प्रश्न के उत्तर देते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -27 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चुनाव करें\|<br><br>एक दिन श्रीमान् उस झोंपड़ी के आस-पास टहल रहे थे और लोगों को काम बतला रहे थे कि इतने में वह वृद्धा हाथ में एक टोकरी लेकर वहाँ पहुँची। श्रीमान् ने उसको देखते ही अपने नौकरों से कहा कि उसे यहाँ से हटा दो। पर वह गिड़गिड़ाकर बोली, "महाराज, अब तो झोंपड़ी तुम्हारी ही हो गई है। मैं उसे लेने नहीं आई हूँ। महाराज क्षमा करें तो एक विनती है।" ज़मींदार साहब के सिर हिलाने पर उसने कहा, "जब से यह झोंपड़ी छूटी है, तब से मेरी पोती ने खाना-पीना छोड़ दिया है। मैंने बहुत कुछ समझाया, पर वह एक नहीं मानती। यही कहा करती है कि अपने घर चल, वहीं रोटी खाऊँगी। अब मैंने यह सोचा कि इस झोंपड़ी में से एक टोकरी भर मिट्टी लेकर उसी का चूल्हा बनाकर रोटी पकाऊँगी। इससे भरोसा है कि वह रोटी खाने लगेगी। महाराज कृपा करके आज्ञा दीजिए तो इस टोकरी में मिट्टी ले जाऊँ।" श्रीमान् ने आज्ञा दे दी।<br><br>प्रश्न: “अपने घर चल, वहीं रोटी खाऊँगी।” वाक्य से पोती के किस स्वभाव का पता चलता है? |
| OPTION A | अहंकारी |
| OPTION B | अभिमानी |
| OPTION C | गुस्सैल |
| OPTION D | हठी |
| CORRECT OPTION | OPTION D |

| | |
|---|---|
| TEACHER’S NAME: रामानंद यादव | SCHOOL NAME: पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: आदमी का अनुपात |
| THEME: नैतिक मूल्य/शांति और सहिष्णुता | TYPE OF TEXT: कविता |

| | |
|---|---|
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Understand |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: पद्य के प्रत्यक्ष विवरण को समझकर केंद्रीय विषय की पहचान करते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -28 | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर चुनें -<br><br>आदमी का विराट से<br>इस पर भी आदमी ईर्ष्या, अहं, स्वार्थ, घृणा, अविश्वास लीन<br>संख्यातीत शंख सी दीवारें उठाता है<br>अपने को दूजे का स्वामी बताता है<br>देशों की कौन कहे<br>एक कमरे में<br>दो दुनिया बसाता है।<br><br>प्रश्न-इस पद्य द्वारा क्या दर्शाया गया है? |
| OPTION A | मानव के अहंकार को |
| OPTION B | प्रकृति की सुंदरता को |
| OPTION C | मनुष्य की महानता को |
| OPTION D | विराट के संकीर्णता को |
| CORRECT OPTION | OPTION A |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: रामानंद यादव | SCHOOL NAME: पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Locate Information |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य की पंक्तियों से प्रत्यक्ष रूप से दी गयी जानकारी - समय/स्थान/घटना आदि का पता लगाते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -29 | निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -<br><br>एक दिन श्रीमान् उस झोंपड़ी के आस-पास टहल रहे थे और लोगों को काम बतला रहे थे कि इतने में वह वृद्धा हाथ में एक टोकरी लेकर वहाँ पहुँची। श्रीमान् ने उसको देखते ही अपने नौकरों से कहा कि उसे यहाँ से हटा दो। पर वह गिड़गिड़ाकर बोली, "महाराज, अब तो झोंपड़ी तुम्हारी ही हो गई है। मैं उसे लेने नहीं आई हूँ। महाराज क्षमा करें तो एक विनती है।" ज़मींदार साहब के सिर हिलाने पर उसने कहा, "जब से यह झोंपड़ी छूटी है, तब से मेरी पोती ने खाना-पीना छोड़ दिया है। मैंने बहुत कुछ समझाया, पर वह एक नहीं मानती। यही कहा करती है कि अपने घर चल, वहीं रोटी खाऊँगी। अब मैंने यह सोचा कि इस झोंपड़ी में से एक टोकरी भर मिट्टी लेकर उसी का चूल्हा बनाकर रोटी पकाऊँगी। इससे भरोसा है कि वह रोटी खाने लगेगी। महाराज कृपा करके आज्ञा दीजिए तो इस टोकरी में मिट्टी ले जाऊँ!" श्रीमान् ने आज्ञा दे दी।<br><br>प्रश्न - जमींदार ने किस चीज के लिए आज्ञा दी थी? |
| OPTION A | रोटी बनाने के लिए |
| OPTION B | चूल्हा बनाने के लिए |
| OPTION C | मिट्टी ले जाने के लिए |

| | |
|---|---|
| OPTION D | झोंपड़ी बनाने के लिए |
| CORRECT OPTION | OPTION C |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: संतोष कुमार कुशवाहा | SCHOOL NAME: KVS ZIET CHANDIGARH |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: आदमी का अनुपात |
| THEME: नैतिक मूल्य/शांति और सहिष्णुता | TYPE OF TEXT: कविता |
| CONCEPT: बोधात्मक (पठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: जानकारी ढूँढ़ना |
| NCF COMPETENCY: पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: पद्य में दी गई जानकरी के अनुसार सही क्रम चुनते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -30 | दिए गए कविता के अंश को पढ़कर सही अवरोही क्रम चुनें -<br><br>दो व्यक्ति कमरे में<br>कमरे से छोटे -<br>कमरा है घर में<br>घर है मोहल्ले में<br>मोहल्ला नगर में<br>नगर है प्रदेश में<br>प्रदेश कई देश में<br>देश कई पृथ्वी पर<br>अनगिन नक्षत्रों में |

KVS & SAS

| | |
|---|---|
| | पृथ्वी एक छोटी<br>करोड़ों में एक ही<br>सबको समेटे है<br>परिधि नभ गंगा की। |
| OPTION A | नक्षत्र - देश - पृथ्वी - मोहल्ला |
| OPTION B | नक्षत्र - पृथ्वी - देश - नगर |
| OPTION C | नक्षत्र - नभ गंगा- नगर - घर |
| OPTION D | नक्षत्र -मोहल्ला - प्रदेश - कमरा |
| CORRECT OPTION | **OPTION - B** |

| | |
|---|---|
| TEACHER'S NAME: SANTOSH KUMAR KUSHWAHA | SCHOOL NAME: KVS ZIET CHANDIGARH |
| GRADE: 8 | CHAPTER NAME: एक टोकरी भर मिट्टी |
| THEME: नैतिक मूल्य/सामाजिक व्यवस्था | TYPE OF TEXT: कहानी |
| CONCEPT: बोधात्मक (अपठित) | GENERAL COMPETENCY FOR HINDI: Evaluate and Reflect |
| NCF COMPETENCY: C-1.1 - पाठ्य सामग्री (समाचार लेख, रिपोर्ट, संपादकीय) आदि को ध्यान से सुनकर या पढ़कर मुख्य बिंदुओं की पहचान करते हैं और उनका अपने शब्दों में सारांश प्रस्तुत करते हैं। | |
| LEARNING INDICATOR: गद्य के भावार्थ के आधार पर निष्कर्षणात्मक टिप्पणी देते हैं। | |

| | |
|---|---|
| QUESTION -31 | दी गई कहानी को पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए -<br><br>व्यास नगर में सुबह होते ही बाजारों की रौनक, दुकानों पर बातचीत और बसों की आवा-जाही शुरु हो जाती थी। परंतु यह चहल-पहल एक दिन अचानक चीख-पुकार में बदल गई। दोपहर के समय तेज़ भूकंप आया। इमारतें हिल उठीं, बिजली के खंभे डगमगा गए और लोग घरों से बाहर भागने लगे। चारों तरफ अफरा-तफरी फैल गई। कई लोग मलबे में फँस गए और सहायता के लिए चीख-पुकार करने लगे। विक्रम नामक युवक स्थिति की गंभीरता समझ गया। उसने साहस नहीं खोया। उसने मलबे में फंसे लोगों को बचाने का निश्चय किया और कई युवाओं को एकत्र किया। किसी ने अपने हाथों से पत्थर हटाए, किसी ने घायलों को कंधों पर उठाया, तो किसी ने पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। नगर के सबसे बुज़ुर्ग व्यक्ति ने कहा, "आज यह सिद्ध हो गया कि आपदा केवल इमारतें नहीं गिराती, बल्कि इंसानियत को भी परखती है।"<br><br>प्रश्न- प्राकृतिक आपदा के समय विक्रम के व्यवहार से हमें क्या सीख मिलती है? |
| OPTION A | परिश्रम करना |
| OPTION B | लोगों को कार्य प्रदान करना |
| OPTION C | लोगों को आपदा में इकट्ठा करना |
| OPTION D | साहस के साथ परिस्थितियों का सामना करना |
| CORRECT OPTION | **OPTION D** |

KVS & SAS